श्री बंशीधर नगर, शनिवार
27.07.2024
श्रावण कृष्णपक्ष षष्ठी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 331

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:21 बजे
अस्त - 06:43 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 27 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
25 करोड़ रु की लागत से नौ सड़कों का होगा निर्माण >> पेज 03 | जान्ही कपूर की शादी के चर्चे तेज >> पेज 04

## सुविचार

समझनी है जिंदगी
तो पीछे देखो,
जीनी है जिंदगी
तो आगे देखो!

## न्यूज अपडेट्स

### घूस लेने के दोषी बीडीओ को चार साल की सजा और 1.20 लाख जुर्माना

**दुमका।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, द्वितीय सह निगरानी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शुक्रवार को जिले के रानेश्वर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोषी करार देते हुए चार साल की सजा एवं जुमार्ना किया है। मामला दस साल पहले का है। जांच प्रतिवेदन देने के एवज में बीडीओ द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने से संबंधित मामले में न्यायालय ने दोषी करार दिया है। मामले में जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शिवजी भगत को न्यायालय ने चार साल का सश्रम कारावास और एक लाख बीस हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनायी है।

### यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन 28 अगस्त को

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद के अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि 28 अगस्त को यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम पुराना विधायक क्लब सेक्टर 2 धुर्वा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से यादव प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव उपस्थित रहेंगे।

### विस की कार्यवाही 29 जुलाई पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। शोक प्रकाश शुरू हुआ, जिसमें राज्य समेत देश में बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ीयों और कलाकारों समेत अन्य गणमान्यों के प्रति सदन में शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश पेश किया। इसके बाद सदन को सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**विधानसभा** 75वें वन महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री हेमंत

# हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें

बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में झारखंड विधानसभा परिसर में शुक्रवार को आयोजित 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बतौर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने



कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरूआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।

**एक वक्त था जब झारखंड में पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं थी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी लेकिन जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग-धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पुल-पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए। जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गए।

सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी एवं मिथिलेश कुमार ठाकुर, कई विधायकगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड के नये डीजीपी बने अनुराग गुप्ता



बंशीधर न्यूज

**रांची।** राज्य सरकार ने सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाया है। अनुराग गुप्ता एसीबी के भी डीजी और डीजीपी के अतिरिक्त प्रभार पर हैं। इसी प्रकार डीजीपी अजय कुमार सिंह का स्थानांतरण करते हुए झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित प्रशांत सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक एडीजी संचार एवं तकनीकी सेवाएं रांची के पद को डीजी कोटी में उत्क्रमित करते हुए संचार एवं तकनीकी सेवाएं का डीजी बनाया गया है। इस संबंध में गृह , कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी की है।

**पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा : डीजीपी**

अनुराग गुप्ता ने राज्य के डीजीपी का शुक्रवार को अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पदभार संभालते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि विधि व्यवस्था, नारकोटिक्स के मामले, साइबर क्राइम, अपराधिक घटना को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजर रहेगी। अनुराग गुप्ता शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे। पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा।

## चोरी गया बच्चा बरामद, तीन महिला गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने चोरी किये गये छह माह के बच्चे को 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं में धुर्वा निवासी पूनम देवी, ओरमांझी निवासी पिंकी देवी और सिमडेगा के बानो थाना निवासी सीमा देवी शामिल है। इनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 24 जुलाई को रांची रेलवे स्टेशन के सीढ़ी पुल के नीचे से छह माह के



नवजात बच्चा चोरी करने की प्राप्त सूचना पर डीएसपी सिटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहयोग से चौबीस घंटे के अंदर नवजात को धुर्वा थाना क्षेत्र के सुदूर इलाके से सकुशल बरामद किया गया। साथ ही पुल के नीचे से बच्चे को चुराने वाली महिला पिंकी देवी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला की निशानदेही पर बच्चे की बिक्री के लिए सौदेबाजी में संलिप्त रैकेट के दो अन्य सदस्यो पुनम देवी और सीमा देवी को धुर्वा एवं अरगोड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार महिला पिंकी कुमारी ने बताया कि कि उक्त बच्चे को उनके द्वारा डेढ़ लाख में पुनम देवी और सीमा देवी को बेचने की योजना बनाई गई थी, जिसके पूर्व ही छापेमारी एवं गिरफ्तारी हो गई।

## नीट-यूजी पेपर लीक मामला : सीबीआई ने धनबाद में तालाब से बरामद किया सामान से भरी बोरी

**धनबाद।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम एक बार फिर से धनबाद पहुंची। पटना सीबीआई की टीम ने सुदामडीह थाना इलाके के नुनुडीह बस्ती स्थित भाटबांध तालाब में स्थानीय पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सर्च अभियान चलाया। इस दौरान सीबीआई को तालाब से एक बोरी मिली, जिसमें मोबाइल फोन समेत कई अन्य सामान मिले हैं। बरामद सामान को



सीबीआई अपने साथ ले गई। बताया गया है कि सीबीआई की टीम ने इस मामले में धनबाद के कम्बाइंड बिल्डिंग के समीप से एक युवक को गिरफ्तार किया है और उसकी निशानदेही पर तालाब से बोरी बरामद की गई है। हालांकि, सीबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की है। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की धनबाद में यह तीसरी छापेमारी थी। इससे पूर्व सीबीआई की टीम ने इस मामले दो बार अलग-अलग छापेमारी कर सरायढेला थाना क्षेत्र निवासी अमन सिंह और झरिया से अमित उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर साथ ले गई थी।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जोड़ी जायेंगी 48 लाख महिलाएं

# 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिलेंगे 1000 रु

**रांची।** हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना की शुरूआत कर दी है। इस योजना के तहत शुरूआती दौर में अड़तालीस लाख महिलाओं को जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

### क्या है योजना

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

### किसे मिलेगा लाभ

इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखंड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो, जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड) राशन कार्ड (सफेद रंग का




राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

### सरकार की मंशा

हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को पेश किया। इन योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु थी और उनके आर्थिक उन्नयन का का विशेष ख्याल रखा गया था। खासकर गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर योजनाएं बनाई गई थी, स्कूल जाने वाली बच्चियों के लिए योजना थी, साथ ही घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था। इन योजनाओं से काफी फायदा भी हुआ जो योजना चली उनमें से प्रमुख है।

### महिला सशक्तीकरण के लिए योजनाएं

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जिसमे आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक तथा 18/19 वर्ष की बेटियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत कुल 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है। **पलाश ब्रांड** : राज्य की सखी मण्डल की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद को बाजार बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलाश ब्रांड को शुरू किया गया। पलाश ब्रांड से सखी मण्डल की करीब दो लाख महिलाएं जुड़ी हैं। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान झ मजबूरी में हाड़िया/शराब बिक्री और निर्माणकार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजना संचालित की गई है।

# बीईईओ एवं बीपीओ ने किया उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारीकला का निरीक्षण



बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के पीएम श्री में चयन के बाद विद्यालय की व्यवस्था और सुदृढ़ हो रहा है। शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे बीईईओ कैसर राजा व बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद ने गुणवतापूर्ण व रोचक शिक्षण, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं ग्रीन स्कूल-क्लीन स्कूल को मूर्त रुप देने के लिये शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया। बीपीओ ने शिक्षकों के साथ बैठक कर प्रोजेक्ट इंपैक्ट व प्रयास कार्यक्रम के तहत जारी दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करने की बात कही। उन्होंने कि प्रखंड के 94 विद्यालयों में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला का पीएम श्री में चयन होना सौभाग्य की बात है। प्राईम मिनिस्टर्स स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाया जायेगा। इसके लिये विद्यालय को हाईटेक किया जा रहा है। बीपीओ ने बताया कि उक्त विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित विद्यालयों जैसे भवन, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की सुविधा के साथ बच्चों से अनेक गतिविधियां व प्रोजेक्ट वर्क करते हुये उनमें लीडरशिप डेवलप कराया जायेगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नृपेंद्र कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष करमू साह, सीआरपी सुनील कुमार, शिक्षक कमलेश राम, ललन राम, नौशाद अहमद, शैलेंद्र यादव, राकेश कुमार सिंह, सुदामा यादव, सुभाष यादव, विनोद दुबे, ललित सिंह, रामाश्रय साह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बसपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**धुरकी :** बहुजन समाज पार्टी के विधायक प्रत्याशी पंकज कुमार चौबे ने प्रखंड के खाला चौपाल एवं खुटिया पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर श्री चौबे ने कहा कि यहां के विधायक एक दूसरे को ताकने झांकने में लगे हुये हैं। स्वास्थ्य की बात करें तो सब भगवान भरोसे है। शिक्षा की बात करें तो चाहे राज्य हो केंद्र हो सभी जगहों पर पेपर लीक का मामला सामने आ रहा है। मौके पर अमरेश यादव, कमलेश कुमार गौड़, सीताराम देहाती, भूनेश्वर राम, पचू कोरवा, एकलाख अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

**मेदिनीनगर :** कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को बेरोजगार संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष उदय राम के नेतृत्व में सदस्यों ने पुरानी रांची रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि कारगिल विजय दिवस अदम्य साहस, शौर्य और वीरता का प्रतीक है। अमर वीर जवानों ने देश के खातिर सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे वीर जवानों के बलिदानों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस अवसर पर अशोक कुमार, यशवंत कुमार, शशि दुबे, संतोष विश्वकर्मा, श्याम पाठक, प्रद्युम्न तिवारी, संजीत कुमार, राजू राम, विजय राम, अनिल राम, उमेश कुमार पासवान, कृष्णा राम आदि उपस्थित थे।

## पलामू ▶ डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# जैसे भी हो जिले में अवैध खनन को रोकें : उपायुक्त

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई से डीसी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 28 जून से लेकर 25 जुलाई तक अवैध खनन से जुड़े कुल 55 वाहनों को जब्त किया गया है। जिनसे जुमार्ने के रूप में 32.78 लाख रुपए की वसूली की गयी है। साथ ही कुल 42 राजसात केस दायर किये गये हैं। जब्त 55 वाहनों में 42 वाहन अवैध बालू के परिवहन से जुड़े है। जबकि 13 वाहन अवैध पत्थर से जुड़े थे। सबसे



अधिक 10 वाहनों की जब्ती चैनपुर थाना क्षेत्र से की गयी है। बैठक में डीसी ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों से कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे नदी को चिन्हित करें, जहां से अवैध बालू का उठाव होता है, उसके पश्चात उस रुट में चेक पोस्ट स्थापित कर वहां से आवागमन कर रहे प्रत्येक वाहनों की एंट्री रजिस्टर में सुनिश्चित करें। साथ ही आवश्यकता अनुरूप नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता में भी अवरोध करें या अपने स्तर से कोई अन्य कार्रवाई करें, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का कोई अवैध खनन न हो पायें। उन्होंने एनजीटी के नियमों का अक्षरशः पालन कराने के निर्देश दिये। डीसी ने सभी एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत माईनिंग या बालू घाटों का निरंतर रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये है कि वह अपने। कहा कि प्रत्येक 15 दिनों में निरीक्षण का समेकित रिपोर्ट यथा कितनी कार्रवाई की गयी, कितनी प्राथिमिकी दर्ज की गयी, कितने वाहन जब्त हुये ये सारे बिंदुओं पर प्रतिवेदन जिला को दें। मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, एसडीपीओ समेत सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### महिला कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने चलाया वन कैडेट वन ट्री अभियान

**मेदिनीनगर :** 44 झारखंड बटालियन स्थानीय योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को वन कैडेट वन ट्री अभियान चलाया। इसके तहत चैनपुर में पौधा लगाने का कार्यक्रम किया गया। सार्जेन्ट अर्चना पांडेय ने अपने नाम का आम पेड़, कॉर्पोरल प्रिया दुबे शमी का पौधा, लायन्स कॉर्पोरल दुर्गा विश्ववकर्मा ने बेल का पेड़, कैडेट प्रीति कुमारी ने आम, रिंकी कुमारी ने आम, मनीषा ने अमरूद, प्रियांशु कुमारी ने आम, शुभकामना ने अमरूद का पौधा लगाया। कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सह एनसीसी की सीटीओ डॉ संगीता कुजूर ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुये आंवला का पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे पेड़ लगाने से जो वन्य जीव जंगल कटने से भटक कर शहर आ जाते हैं, उनके लिये आश्रम स्थल बन जायेगा। कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या डॉ० मोहिनी गुप्ता ने भविष्य में ऐसे अभियान की सफलता के लिये शुभकामनाएं दी।

### डीएवी प्रबंधन करोड़ो विद्यार्थियों में भर रहा है देशभक्ति की भावना : पूर्व सैनिक


बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में 25 वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक केएन सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालयों में इस तरह के आयोजन और बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय है। आज जहां गला काट प्रतिस्पर्धा एवं अंकों की होड़ लगी है। ऐसे में बच्चों के अंदर मानव मूल्य देशभक्ति की भावना एवं शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शन जैसे गुण को छात्रों के अंदर विकसित करने का डीएवी का यह प्रयास सराहनीय हैं। विद्यालय के



प्राचार्य डा जीएन खान ने कहा कि कारगिल युद्ध के नायक सौरभ कालिया एवं विक्रम बत्रा ने अपने अपूर्ण व अदम्य साहस का परिचय देते हुये अंतिम सांस तक युद्ध किया और शत्रु को भारी क्षति पहुंचाई। ये दोनों ही डीएवी के पूर्व छात्र थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुदेशना राय व संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे। मौके पर शिक्षक आलोक कुमार, चंद्रशेखर पांडेय, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अंबरीश कुमार पांडेय, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, अनु चक्रवर्ती उपस्थित थीं।

### शरीर की आंतरिक मजबूती के लिये प्राणायाम योग जरूरी : जीयर स्वामी



**मेदिनीनगर :** निगम क्षेत्र के सिंगरा अमानत तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा की जब अनुभव हो की अब रहना नहीं है मृत्यु नजदीक है तो माया-मोह का त्याग कर भगवान का चतुर्भुज रूप का ध्यान करना चाहिये। एकाग्रता के साथ भगवान का ध्यान कर प्राणायाम योग साधना द्वारा भगवान में स्थापित होना चाहिये। शास्त्रों में प्राणायाम योग को महाबल बताया गया है। शरीर की मजबूती के लिये दूध-घी, काजू, बादाम, भोजन की जरूरत होती है। शरीर की भीतरी हिस्से दिल दिमाग, बुद्धि विवेक आत्मा की मजबूती के लिये प्राणायाम और योग साधना जरूरी है। इसीलिये भोजन से शरीर में बल प्राप्त होता है। जबकि योग, प्राणायाम और साधना से महाबल प्राप्त होता है। शरीर के बाहरी और भीतरी मजबूती के दोनों ही जरूरी है। श्रीमद्भागवत कथा में कहा की ब्रम्हा जी के उत्पति के बाद ब्रह्मा भगवान ने प्राणायाम, योग और साधना से अपने तत्वों को जाना।

### बाईक चालक को रोकने का किया इशारा, नहीं रुकने पर मार दी गोली

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-गढ़वा मुख्य पथ के भिखकी मोड़ के पास अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक के पैर में दो गोली लगी है और फिलहाल उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी अनुसार गढ़वा निवासी मुजफ्फर अंसारी मेदिनीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में काम करता है और गुरुवार की देर शाम में वह बाईक से अपने घर गढ़वा जा रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने भिखही मोड़ के पास उसे रोकने की कोशिश की। मुजफ्फर ने अपनी बाईक नहीं रोकी, जिसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर दी। अपराधियों द्वारा चलाई गई दो गोली मुजफ्फर के पैर में लगी, जिसके बाद वह गिर गया। इसके बाद में अपराधी उसकी बाईक और मोबाईल लेकर फरार हो गये। बाद में मौके पर जुटे स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और मुजफ्फर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल युवक से पूछताछ कर अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### पलामू में जुलाई तक 128 को सांप ने डंसा, तीन की हुई मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में सांप के डंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। इस वर्ष जुलाई तक इसके आंकड़े 128 तक पहुंच गए हैं। इनमें तीन की मौत हुई है। सात गंभीर प्वाइजनस रोगियों की जान बचायी गयी है। अन्य 118 रोगियों को एंटी वैनम का इंजेक्शन देकर ठीक किया गया है। जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने शुक्रवार को एमआरएमसीएच स्थित गोलघर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अभी तक जिलेभर में 128 का इलाज सांप के डंसने के बाद किया गया है। इनमें से 7 प्वाइजनस केस को ठीक किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि सांप के डंसने पर किसी भी स्थिति में श्रम ना करें। इससे जहर के तेजी से फैलने की संभावना बनी रहती है। रोगी को सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाए और पूरी जानकारी डॉक्टर को दें। डॉक्टर पर तत्काल दवा देने के लिए दबाव न बनाएं। जैसे ही सांप काटने के लक्षण दिखेंगे, तुरंत दवा दी जाएगी और रोगी तत्काल ठीक हो जाएगा। डॉ. अनिल ने कहा कि प्वाइजनस और नॉन प्वाइजनस मामले की जानकारी लक्षण आने के बाद ही पता चलता है और तब दवा देने का प्रावधान है। जानकारी के अभाव में रोगी और उनके परिजन डॉक्टर पर दबाव बनाने लगते हैं और इसका परिणाम उल्टा सामने आता है। स्नैक बाइट का इनजेक्शन केवल सरकारी अस्पताल में ही उपलब्ध है। इसलिए सांप के डंसने पर कोशिश करना चाहिए कि रोगी को सीएचसी, सदर अस्पताल या एमआरएमसीएच लेकर पहुंचे। झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वास के चक्कर में ना पड़े। उन्होंने बताया कि एंटी वैनम का इनजेक्शन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है।

## सांसद वीडी राम ने संसद में उठाया पलामू में उद्योग लगाने का मामला, कहा

# रोजगार के अभाव में पलामू से हो रहा पलायन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लोकसभा में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र के पलामू एवं गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने से संबंधित मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले आकांक्षी जिलों की श्रेणी में शामिल हैं। आकांक्षी जिलों में आने का मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिये उतना



नहीं हुआ है। सांसद ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य में एक पलामू ही अनुसूचित जाति के लिये सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। वे इस मामले को वर्ष 2014 से ही सदन में उठाते रहे हैं। लेकिन आज तक एक भी उद्योग नहीं लगा है। एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो चुकी है। यहां के लोग बड़े पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिये विवश हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है। यहां कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाईट है, लाईम स्टोन है। बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साईट है। ये बाक्साईट पलामू संसदीय क्षेत्र से होकर मिजार्पुर जाता है, जहां अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है। कोयला यहां से देश के थर्मल प्लांट में जाता है, जो उस क्षेत्र में रोशनी देने का काम करता है जहां वह स्थापित है। गढ़वा जिला में भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने के लिये जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है और मानव संसाधन भी है। सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा ग्रेफाईट की उपलब्धता और गुणवत्ता के अधार पर ग्रेफाईट आधारित उद्योग लगाया जा सकता है। लाईम स्टोन की बहुत सारी खदानें हैं, जो अभी बंद पड़ी है। उन्हें शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जा सकता है। उन्होंने केन्द्र सरकार से पलामू संसदीय क्षेत्र में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने की मांग की।



# अभाविप ने नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद पाठक को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने, सूचना पट्ट पर समय सारिणी प्रकाशन साथ ही सूचना पट्ट पर विषयवार शिक्षकों की सूची प्रकाशित करने एवं शिक्षकों को विभाग वार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, महाविद्यालय में विभिन्न काउन्टर एवं विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की टेबल बदलने, स्नातक के सभी विषयों में पुनः चांसलर पोर्टल शुरू करने आदि की मांग की गई है। अभाविप के जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। कॉलेज के दीवार भी जर्जर होने लगे हैं। शिक्षकों, कर्मचारियों की कमी के अलावा कई समस्याएं हैं। जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय की समस्या से संबंधित प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर इसे दूर करने की दिशा में पहल करने को कहा गया है। नगर मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि नामांकन के लिये अभी भी विद्यार्थी घूम रहे हैं, इसलिये चांसलर पोर्टल दोबारा खोलना चाहिये। महाविद्यालय में व्याप्त कमियों को अविलंब दूर नहीं किया जाता है तो हमलोग आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। मांग पत्र सौंपने वालों में सुगंध बघेल, सचिन चौबे, नीरज कुमार, राजेश पासवान, राजा कुमार आदि मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### चौकीदार बहाली के लिये निकला विज्ञापन

**गढ़वा :** जिला अंतर्गत चौकीदार पद पर सीधी बहाली के लिये कुल 94 पदों के लिये विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 10 अगस्त 2024 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से डीसी गढ़वा के कार्यालय, जिला सामान्य शाखा (नया समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा संख्या-131) में निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिले के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को डाउनलोड भी किया जा सकता है।

### चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर :** बिजली विभाग के जेई अमल राय ने अवैध रूप से बिजली बिल बकाया रखने और बिजली चोरी करने के आरोप में चार लोगों पर अर्थदंड के साथ भवनाथपुर थाना में प्राथमिकी करायी है। जिसमें बनसानी निवासी विजय राम पर 13 हजार 621, प्रभु राम पर 12 हजार 500, मकरी माईधिया निवासी जयनंदन यादव पर 12 हजार 321 तथा अवध किशोर यादव पर 6 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### आभूषण चोर गिरफ्तार

**हुसैनाबाद :** पुलिस की तत्परता से आभूषण चोरी का आरोपी को डेहरी ऑन सोन स्थित रेल सुरक्षा बल ने पकड़ा। आरपीएफ डेहरी को हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने अभियुक्त की फोटो भेज कर उसके दिल्ली जाने की आशंका जताई थी। डेहरी के प्लेटफार्म 3/4 के फुट ओवर ब्रिज से आरपीएफ ने गिरफ्तार कर हुसैनाबाद थाना को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज है।

## गढ़वा

## गढ़वा के विकास से विपक्ष बेचैन : मंत्री

# 25 करोड़ रु की लागत से बनेंगी नौ सड़कें

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से करीब 22 किलोमीटर लंबी नौ सड़कों का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुये गढ़वा विधायक व झारखंड के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास विरोधी लोग जितना ज्यादा विरोध करेंगे गढ़वा के



विकास की गति उतनी ही ज्यादा तेज होगी। पूर्व के लोग न तो खुद विकास किये और न ही दूसरे को विकास करने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। तब विरोधियों की बेचैनी बढ़ गई है। जो लोग अपने कार्यकाल में जनता के साथ छलावा कर टाईम पास करते रहे उन्हें अब विकास में भ्रष्टाचार नजर आ रहा है। उनकी असली बेचैनी तो अपना वजूद समाप्त होने का है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि कौन व्यक्ति विकास विरोधी और कौन जनता का कार्य करने वाला है। ऐसे लोग चाहे जो हथकंडा अपना लें परंतु आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

### इन सड़कों की मिली स्वीकृति

गढ़वा प्रखंड के ग्राम गांगी खुर्द में गिरिवर पांडेय के घर से बसंत तिवारी के घर तक 1 करोड़ 14 लाख 93 हजार 800 रुपये की लागत से की लागत से 1.200 किलोमीटर सड़क, एनएच 75 चेतना से मस्जिद होते हुये उड़सुगी रेलवे फाटक तक 2 करोड़ 62 लाख 19 हजार 100 रुपये की लागत से 2.670 किमी, मेराल प्रखंड में मंझिआव लिखनियां पीडब्ल्यूडी पथ सिगुल चौधरी के घर से औरैया ग्राम के लिखनिया टोला तक तीन करोड़ 25 लाख 51 हजार 400 रुपये की लागत से 2.9 किमी, रंका प्रखंड में एनएच 343 से झुमेलवा होते हुये इसराफिल अंसारी के घर एनएच 343 तक 4 करोड़ 77 लाख 35 हजार 100 रुपये की लागत से 4.3 किमी, डंडा प्रखंड में मोतीहारा बाजार चौक से कोयल नदी पुल तक 2 करोड़ 15 लाख 86 हजार 400 रुपये की लागत से 1.6 किमी, डंडा में स्व शिवशंकर साव के घर से खदिया हरिजन टोला वाया जोगिया भंडारी तक 2 करोड़ 60 लाख 100 रुपए की लागत से 2.06 किमी, भिखही मुख्य पथ से कोरियाडीह बस्ती तक 1 करोड़ 90 लाख 4100 रुपए की लागत से 1.6 किमी, चिनियां प्रखंड में नकसीली से परसुखाड़ मुख्य पथ पर 2 करोड़ 74 लाख 45 हजार 800 रुपए की लागत से 2.4 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में रक्सी से डुलवा सिवान तक 3 करोड़ 8 लाख 69 हजार 400 रुपए की लागत से 2.8 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा।

### प्रमुख ने सीएम से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**कांडी :** प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध में जानकारी देते हुये प्रमुख ने बताया कि क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ने से लगातार लोग पलायन कर रहे हैं। यदि नवजवानों को घर में ही काम मिल जाय तो उन्हे जिंदगी खतरे में डालकर घर परिवार से दूर नहीं जाना पड़ेगा। श्री पांडेय ने कांडी प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी के किनारे पड़े सैकड़ों एकड़ भूमि में पॉवर प्लांट लगाने व भवनाथपुर में पॉवर प्लांट शुरू कराने की मांग की।

### लायंस ग्रीन किया मां गढ़देवी मंदिर परिसर में भोजन वितरण




**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वाधान में शहर के गढ़देवी मंदिर परिसर में भोजन का वितरण किया गया। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने कहा कि लोगों की सेवा करना अच्छा लगता है। अध्यक्ष उमाकांत पाण्डेय ने कहा कि लायंस का मोटो है हम सेवा करते हैं। इसी के तहत हम लायन सेवा के नये-नये तरीके ढूंढ़ते रहते हैं और सेवा करते हैं। सावन मास के आरंभ में इस कार्यक्रम का शुरूआत किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लायंस ग्रीन समाजिक क्षेत्र में सेवा कार्यों में एक मिशाल कायम किया है। उसी का प्रतिफल है भोजन का वितरण। मौके पर सचिव जयशंकर ब्रेजियर, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, अरविन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, रुद्राक्ष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## सोशल इनोवेशन ग्रुप ने किया पौधरोपण व पौधा वितरण

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के तत्वाधान में संस्था के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चौबे के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। मौके पर सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि



आये दिन संस्था के कार्यों को मैं अखबार एवं सोशल मीडिया के द्वारा देखते रहता हूं, कभी रक्तदान शिविर का आयोजन, तो कभी मतदाता जागरूकता अभियान एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद करते रहते हैं। आज मेरा यह सौभाग्य है कि हमारे पंचायत भवन में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के लिये उत्सुक ग्रामीणों को फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण भी किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चौबे ने बताया कि पिछले दस वर्षों से लगातार हमारा संस्था पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। अब तक लगभग 25 हजार पौधारोपण एवं पौधा वितरण पूरे झारखंड में किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी लगभग एक हजार पौधारोपण एवं पौधा वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर वार्ड पार्षद विकास वियार, युवा समाजसेवी आनंद पासवान, अजीत गुप्ता, लल्लू साह, रामअवतार पासवान, लखन वियार, रविन्द्र गुप्ता, मुन्ना उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित की

# आरके पब्लिक में मना कारगिल विजय दिवस

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये पैट्रिओटिक म्यूजिकल असेम्बली आयोजित की गयी। इसके पूर्व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। म्यूजिकल असेम्बली में विद्यार्थियों ने




एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति दी। मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं, अमर हो जाते हैं। पूरा देश आज भारत मां के वीर सपूतों को नमन कर रहा है। ऐसे महान देशभक्तों पर हर हिन्दुस्तानी को गौरवान्वित होना चाहिये जिन्होंने देश के तिरंगा के मान-सम्मान के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने पलामू के अमर सपूत शहीद युगंबर दीक्षित को याद करते हुये उनके बारे में प्रकाश डाला। शिक्षक अनुप कुमार पाण्डेय ने बच्चों को बताया कि जननी और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊंचा है। हमें राष्ट्रभक्त बनकर देश की सेवा करनी चाहिये। शिक्षक सनोज यादव ने भारत-पाकिस्तान के युद्धों को विस्तार से बताया और कारगिल युद्ध पर प्रकाश डाला। कक्षा सात की छात्रा वैभवी मिश्रा झआन बान और शान है तिरंगा हमाराझ गाने के लिये प्रथम, पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा आरुषी प्रिया एवं छात्र नवीन पाल को संयुक्त रुप से प्रथम स्थान मिला। मौके पर नन्दलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, अनिल सिन्हा, संजय कुमार, एसडी सिंह, श्वेता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, इम्तियाज खान, शिखा रानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बरडीहा प्रखंड के विभिन्न गांवों के 80 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिये रवाना



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से 80 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिये रवाना हुआ। प्रखंड क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में सभी कांवरियों ने शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना किया। उसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कांवरियों के जत्था को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व उन्होंने सभी कांवरियों को अंग वस्त्र प्रदान किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कांवरिया बम क्षेत्र में अमन शांति की प्रार्थना करेंगे। उन्होंने सभी को मंगल यात्रा की शुभकानाएं दी। मौके पर बरडीहा प्रखंड के मंडल अध्यक्ष संजय कुमार यादव, मझिआंव प्रखंड नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, अरविंद रजवार, बबलू यादव, बैजनाथ ठाकुर, बजरंगी ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, शंभु चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।





## मुंबई में दिलीप कुमार का बंगला 172 करोड़ में बिका

मुंबई की सबसे महंगी संपत्तियों में से एक हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार के मुंबई के पाली हिल स्थित बंगले की कीमत 170 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। इस बिल्डिंग में दिलीप कुमार ट्रिपलएक्स बंगले में रहते थे। इस आलीशान बंगले की जगह अब लीजेंड बिल्डिंग खड़ी होगी। दिलीप कुमार का बंगला सी फेसिंग है। दिलीप कुमार के बंगले पर भी विवाद हुआ था। दिलीप कुमार का बंगला एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने खरीदा है। इस आलीशान और विशाल बंगले के लिए कंपनी ने 172 करोड़ रुपये चुकाए हैं। यह लेनदेन ब्लैकरॉक कंपनी के जरिए किया गया है। 9 हजार 527 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्रफल वाले इस बंगले का सौदा 1 लाख 62 हजार रुपये प्रति वर्ग फुट की पक्की कीमत पर हुआ है। इस प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के लिए 9.33 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई है। बांद्रा इलाके में किसी प्रॉपर्टी के लिए मिली यह अब तक की सबसे ऊंची कीमत है। दिलीप कुमार ने 2016 में पाली हिल में एक बंगले को ध्वस्त करने और उस स्थान पर एक लग्जरी आवासीय भवन बनाने के लिए अशर ग्रुप के साथ एक समझौता किया था। इस पुनर्निर्माण परियोजना का नाम द लीजेंड है। इस बिल्डिंग में 4 बीएचके और 5 बीएचके के लग्जरी घर बनाए जाएंगे। इसी प्रोजेक्ट में 2 हजार वर्ग फीट एरिया में एक म्यूजियम भी होगा, जो दिलीप कुमार को समर्पित होगा। 2023 में डेवलपर ने घोषणा की थी कि 'द लीजेंड' बिल्डिंग में 15 लग्जरी घर बनाए जाएंगे। अब यह भी कहा जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट 2027 में पूरा हो जाएगा। इससे लगभग 900 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। कुछ साल पहले दिलीप कुमार के परिवार ने एक रियल एस्टेट फर्म पर दिलीप कुमार के बंगले के लिए धोखाधड़ी से कानूनी दस्तावेज तैयार करने का आरोप लगाया था। परिवार ने यह भी दावा किया था कि यह कब्जे की खातिर किया गया था।


## जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया की शादी चर्चा तेज





अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी ने अपनी मां के नक्शेकदम पर चलने और अभिनय में अपना करियर बनाने का फैसला किया। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं। फिलहाल जाह्नवी बॉलीवुड में अपने करियर की वजह से नहीं बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खबरों में हैं। जाह्नवी और शिखर पहाड़िया का रिश्ता जगजाहिर है। वे पिछले कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब उनकी शादी की चर्चा शुरू हो गई है। जाह्नवी और शिखर को कई इवेंट्स में एक साथ देखा गया है। वह हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भी शामिल हुए थे। जाह्नवी ने कॉफी विद करण में भी अपने प्यार का इजहार सबके सामने किया था। जान्हवी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वह कब शादी करेंगी? ऐसा प्रश्न पूछा गया। इसका जवाब देते हुए जाह्नवी ने कहा, ₹मैं अभी अपनी जिंदगी से बहुत खुश हूं। अभी न तो उनके पास और न ही मेरे पास समय है।₹ जाह्नवी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने एक्टर राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर की थी। अब वह फिल्म 'उलझ' में नजर आएंगी। इसके साथ ही वह जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शिखर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की बड़ी बेटी स्मृति शिंदे और संजय पहाड़िया के बेटे हैं। शिखर सांसद प्रणीति शिंदे के भतीजे हैं।

## जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 2,566 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ के लिए रवाना



# मारकंडा नदी पर बना पुल बहा, रुद्रप्रयाग-मदमहेश्वर ट्रैक पर फंसे 125 यात्री



**देहरादून/रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड राज्य के जनपद रुद्रप्रयाग में मदमहेश्वर ट्रैक पर गोंडार नदी पर बना वैकल्पिक पुल शुक्रवार को बह गया और ट्रैक पर लगभग 125 लोग फंस गए। हालांकि एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। ट्रैक पर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है।



आपातकालीन परिचालन केंद्र रुद्रप्रयाग के अनुसार रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ तहसील अंतर्गत वनतोली गोंडार में मारकंडा नदी पर बना वैकल्पिक पैदल पुल के बहने से मदमहेश्वर मंदिर में लगभग 100 व्यक्ति और ऑन ट्रैक पर 20-25 व्यक्ति फंस गए। हालांकि सभी सुरक्षित हैं। पीडब्ल्यूडी ऊखीमठ तहसील प्रशासन से टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। हेली रेस्क्यू के लिए कार्य गतिमान है। रांसी से नानू चट्टी वैकल्पिक हेलीपैड बनाया जा रहा है, वहीं से सभी यात्रियों का रेस्क्यू किया जाएगा।

वहीं मदमहेश्वर ट्रैक पर गोंडार के पास फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की एक टीम इंस्पेक्टर अनिरुद्ध भंडारी के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर से मदमहेश्वर से पांच किलोमीटर नीचे नानू नामक स्थान पर पहुंच गई है। वहां पर करीब 25 से 30 लोग हैं। अभी तक 10 लोगों को रेस्क्यू कर हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। शेष लोगों को भी जल्द ही रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। एसडीआरएफ की एक अन्य टीम पोस्ट अगस्त्यमुनि से पैदल मार्ग से होते हुए घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

### नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक आज

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक



केंद्र में होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक की इस वर्ष की थीम विकसित भारत@2047 है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। अन्य उपस्थित लोगों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य शामिल होंगे। नीति आयोग ने शुक्रवार को बताया कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत @2047 पर विजन डॉक्यूमेंट के लिए दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी हस्तक्षेपों के वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होगा। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, जिसकी जीडीपी 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर चुकी है और 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने की आकांक्षा है।

Hit लिस्ट

### राहुल को मिला नया बंगला, प्रियंका पहुंचीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को




अब नया बंगला दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होता है। ऐसे में हाउस कमेटी ने कांग्रेस नेता को बंगला नंबर 5, सुनहरी बाग रोड की पेशकश की है। आज उनकी बहन प्रियंका गांधी ने उन्हें आवंटित किए जा रहे बंगला का दौरा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्तमान में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ उनके 10 जनपथ वाले आवास में रह रहे हैं। 2004 में सांसद बनने के बाद से राहुल गांधी 12 तुगलक लेन स्थित अपने आवास पर रह रहे थे। पिछले साल मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद उनकी सदस्यता चली गई थी। इसके बाद उन्हें अपना यह आवास खाली करना पड़ा था।

### राजद के बिहार विप सदस्य सुनील सिंह की सदस्यता रद्द



**पटना।** बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को भारी पड़ गया। इसके चलते एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद से सदस्यता रद्द कर दी गई है। इससे पहले गुरुवार को विधान परिषद की आचार समिति ने उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर दी थी और अब आज इसकी घोषणा कर दी गई। समिति ने कहा था कि सुनील कुमार सिंह ने सदन के सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है। समिति ने अपनी 112 पन्नों की रिपोर्ट दी है।

**प्रधानमंत्री ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, अग्निपथ योजना सेना में किए गए सुधारों का एक उदाहरण**

# पूरी ताकत से कुचलेंगे आतंकवाद, दुश्मन को देंगे मुंहतोड़ जवाब : मोदी

**करगिल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि उसकी नापाक साजिशें सफल नहीं होंगी, क्योंकि हमारे सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलने का ऑपरेशन चला रहे हैं और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में जीत के 25 साल बाद आज लद्दाख की राजसी भूमि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कारगिल विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे देश के लिए किए गए बलिदान शाश्वत हैं और हमेशा याद किए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद



लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस श्रद्धांजलि समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए किए गए बलिदान अमर हैं। जैसे-जैसे समय बीतता है, दिन महीनों में बदल जाते हैं, महीने सालों में और साल सदियों में बदल जाते हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों के नाम हमारी सामूहिक स्मृति में हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। आज जब मैं एक बार फिर कारगिल की पवित्र धरती पर खड़ा हूं तो उन यादों का फिर से ताजा होना स्वाभाविक है। मुझे याद है कि कैसे हमारे बलों ने चरम और चुनौतीपूर्ण युद्ध स्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया था। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि पड़ोसी देश ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है और छद्म युद्ध कर रहा है। पाकिस्तान अतीत में अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है लेकिन वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं।

## भारत ने एशियाई आपदा तैयारी केंद्र की अध्यक्षता संभाली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के क्षेत्र में वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस दिशा में कई वैश्विक पहल की हैं, जिनमें आपदा रोधी अवसंरचना के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) की स्थापना जैसी पहल प्रमुख हैं। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को बैंकॉक, थाईलैंड में वर्ष 2024-25 के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से एशियाई आपदा तैयारी केंद्र (एडीपीसी) की अध्यक्षता संभाली है। एडीपीसी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु लचीलापन निर्माण में सहयोग और कार्यान्वयन के लिए एक स्वायत्त अंतरराष्ट्रीय संगठन है। भारत और आठ पड़ोसी देश अर्थात बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, श्रीलंका और थाईलैंड एडीपीसी के संस्थापक सदस्य हैं। भारत ने गुरुवार को थाईलैंड में आयोजित एडीपीसी की 5वीं बोर्ड ऑफ ट्रस्टी (बीओटी) बैठक की भी अध्यक्षता की।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)